दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 325 मुरादाबाद 28 March 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## राष्ट्रपति पद स्वीकार नहीं करेंगी मायावती, बोलीं- BJP-RSS ने झूठा प्रचार किया



यूपी चुनाव खत्म होने के साथ ही मायावती ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। मायावती ने कहा कि आरएसएस के लोगों ने हमारे लोगों के बीच प्रचार करवाया कि बीसएपी की सरकार नहीं बनने पर बहनजी को राष्ट्रपति बना दिया जाएगा। मायावती ने अपने आधिकारिक ट्विटर हेंडल से एक प्रेस रिलीज जारी किया। दो पेज के प्रेस रिलीज में मायावती ने कहा कि देश की राष्ट्रपति बनना तो दूर की बात है, वो इस बारे में सपने में भी नहीं सोच सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि आरएसएस और बीजेपी के नेताओं को ये मालूम है कि कांशीराम जी ने भी इनका ये प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया था, फिर मैं तो उनके पदचिन्हों पर चलने वाली उनकी शिष्या हूं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर मायावती की चुनाव में भूमिका पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में यूपी में विधानसभा चुनावों में मायावती और उनकी पार्टी बीएसपी साइलेंट मोड़ में नजर आए। चुनाव प्रचार देखकर लगा ही नहीं कि मायावती भी चुनाव जीतने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह रही कि मायावती के परंपरागत वोट बैंक मानी जाने वाली जातियों के वोट भी उनसे खिसक कर बंट गए। बीजेपी ने बसपा के वोट बैंक में अच्छी सेंधमारी की और अब उसे अपनी तरफ मिलाए रखने की कोशिश भी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में योगी कैबिनेट में अनुसूचित जाति से 8 मंत्रियों को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। एनडीए उम्मीद जता रही है कि उनके चुने व्यक्ति को ही बहुमत मिलेगा लेकिन पांच राज्यों में हुए चुनाव से सियासी समीकरण थोड़े बदल गए हैं। कहा जा रहा है कि अब बीजेपी को अगर अपने पसंद के उम्मीदवार को राष्ट्रपति बनाना है तो उसे बाहरी दलों का सहारा लेना पड़ सकता है।

## योगी 2.0 सरकार: मंत्रिमंडल के साथ अफसरों में भी दिखेगा बड़ा बदलाव, पुरानों को हटाकर तैनात किए गए नए निजी सचिव



नई सरकार बनने के बाद अब मंत्रियों के साथ नए निजी सचिव तैनात कर दिए गए हैं। पुराने मंत्रियों के साथ तैनात सभी निजी सचिव हटा दिए गए हैं। खास बात यह कि मंत्रियों के स्टाफ में बीस प्रतिशत महिलाएं तैनात की गई हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग ने मंत्रियों के स्टाफ की सूची तय कर दी है। निजी सचिव, अपर निजी सचिव, समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी और अनुसेवकों का चयन रैंडम आधार पर किया गया है। इसके लिए तैयार तीन सूची को सॉफ्टवेयर में अपलोड होने के बाद प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमृत अभिजात ने बटन दबाकर एक सूची का चयन किया। पहली बार बड़ी संख्या में महिलाओं को मंत्रियों के स्टाफ में तैनाती दी गई है। अब तक महिलाओं को मंत्रियों के स्टाफ में जगह नहीं दिए जाने की परंपरा रही है। नई सरकार बनने के बाद अब मंत्रियों के साथ नए निजी सचिव तैनात कर दिए गए हैं। पुराने मंत्रियों के साथ तैनात सभी निजी सचिव हटा दिए गए हैं। खास बात यह कि मंत्रियों के स्टाफ में बीस प्रतिशत महिलाएं तैनात की गई हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग ने मंत्रियों के स्टाफ की सूची तय कर दी है। निजी सचिव, अपर निजी सचिव, समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी और अनुसेवकों का चयन रैंडम आधार पर किया गया है। इसके लिए तैयार तीन सूची को सॉफ्टवेयर में अपलोड होने के बाद प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमृत अभिजात ने बटन दबाकर एक सूची का चयन किया। पहली बार बड़ी संख्या में महिलाओं को मंत्रियों के स्टाफ में तैनाती दी गई है। अब तक महिलाओं को मंत्रियों के स्टाफ में जगह नहीं दिए जाने की परंपरा रही है। रैंडम एक सूची चुने जाने पर कोड के हिसाब से संबंधित कार्मिकों को मंत्री स्टाफ में तैनाती से संबंधित पत्र शनिवार को रात दस बजे तक तैयार किया गया। रविवार को सुबह संबंधित कर्मचारियों को फोन कर सचिवालय बुलाया गया और पत्र दिया गया। मंत्रियों के स्टाफ की जो सूची तैयार की गई है उसमें किसी भी पुराने स्टाफ को नहीं रखा गया है। पिछले पांच साल के अंदर यदि कोई भी कार्मिक किसी मंत्री के स्टाफ में तैनात रहा है तो उन्हें सूची में ही शामिल नहीं किया गया। मंत्रियों के लिए करीब 120 अनुसेवक भी तैनात किए गए हैं।

### मंत्री स्टाफ में शामिल कुछ महिला कार्मिकों को तैनाती पर आपत्ति

बताया जाता है कि मंत्री स्टाफ में तैनाती से कुछ महिला कार्मिकों में नाराजगी है। तर्क दिया जा रहा है कि मंत्री स्टाफ के रूप में काम करते महिलाओं को देर शाम तक कार्यालय में रहना पड़ सकता है। मंत्रियों के आफिशियल टूर में साथ जाने की मजबूरी भी हो सकती है। कुल चयनित स्टाफ में करीब 20 फीसदी संख्या महिलाओं की बताई जा रही है।

### ओएसडी और पीआरओ का चयन मंत्रियों की पसंद से

वहीं मंत्रियों को विभाग मिल जाने पर उनके द्वारा विशेष कार्याधिकारी और जनसंपर्क अधिकारी के विकल्प सचिवालय प्रशासन विभाग को दिए जाएंगे। मंत्रियों द्वारा भेजे गए नामों में से ओएसडी और पीआरओ की तैनाती सचिवालय प्रशासन विभाग करेगा।

## यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का दावा, मोदी-योगी की जोड़ी को कोई नहीं तोड़ सकता



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी को कोई नहीं तोड़ सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोगों के अपार समर्थन से सत्ता बरकरार रखी है। पटेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का जिक्र कर रही थीं। आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। हाल में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन ने 403 में से 273 सीट पर जीत हासिल की है। भाजपा को जहां 255 सीट पर जीत मिली, वहीं उसकी सहयोगी निषाद पार्टी और अपना दल (एस) को 18 सीट पर जीत हासिल हुई। तीन दशकों में पहली बार किसी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में सरकार बनाई है, मित्रों। मोदी-योगी की जोड़ी को कोई नहीं तोड़ सकता... कोई ऐसा नहीं कर सकता। इसे हासिल करने के लिए बहुत से लोगों ने अपना समर्थन दिया है। यहां (सूरत) से कई लोग चुनाव प्रचार के लिए वहां (उप्र) गए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 35 साल बाद ऐसा हुआ है, जब किसी पार्टी ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रच दिया। गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने कहा कि इसके लिए आपको हमें बधाई देनी चाहिए... बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय सूरत में बसे हुए हैं और उन्होंने इसे हासिल करने के लिए हमारा समर्थन किया है। आनंदीबेन पटेल जिले के ओलपाड तालुका के वडोद में समस्त पाटीदार आरोग्य ट्रस्ट द्वारा स्थापित किरण मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखने के लिए सूरत में हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे।

# जिले में 36 केंद्रों पर होगी गेहूँ की खरीद किसानों को समर्थन मूल्य का मिलेगा सीधा लाभ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ-रबी की फसल तैयार हो चुकी है। किसानों को गेहूं का उचित मूल्य दिलाने के लिए 36 क्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जहां पर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की फसल को बेच सकते हैं। डीएम नेहा प्रकाश ने किसानों से उक्त केंद्रों पर अपनी उपज बेंचने की अपील की है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष 2022-23 के लिए किसानों से सीधे गेहूं क्रय किए जाने का लक्ष्य है। ताकि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि विकासखंड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु साधन सहकारी समिति लि. अकबरपुर, नौबस्ता, सलारपुर, शाहपुरकलाच परसा डेहरिया एवं तिलकपुर को केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड सिरसिया अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु साधन सहकारी समिति लि. परसोहना, भरथाकला, लक्ष्मणपुर बाजार, सिरसिया, वीरपुर सिरसिया एवं बनकटवा जुड़पनिया को केन्द बनाया गया है। विकासखंड जमुनहा अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु साधन सहकारी समिति लि. लालबोझा, जमुनहा भवनियापुर, सहकारी संघ मल्हीपुर, गौसपुर, कथरामाफी, लक्ष्मणपुर सेमरनिया एवं इमलिया करनपुर को केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड गिलौला अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु साधन सहकारी समिति लि. गुजरवारा, हुसैनपुर खुरूहरी, धुसवा, कटार, पैसरामगढ़ी, प्रहलादा एवं परेवपुर को केन्द्र बनाया गया है। विकासखंड इकौना अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु साधन सहकारी समिति लि. सेमगढ़ा व इकौना को केन्द्र बनाया गया है।उन्होंने बताया कि उपरोक्त केंद्रों पर किसानों पहुंचकर किसान अपनी रबी उपज को बेंच सकते हैं।

# फर्रुखाबाद ककराला रोड लोगों को दे रहा है परेशानी

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- जिला के अधिकारी से लेकर पीडब्ल्यूडी तक के अधिकारी शहर की सबसे बड़ी समस्या से जानकर वही अनजाने बने हुए हैं जोकि प्रशासन भी अनदेखी कर रहा है यह से रात दिन फर्रुखाबाद मार्ग पर मंडी समिति के निकट गहरा गड्ढा हो जाने के कारण जल भरा रहता है जिसके मैं हादसा होने की उम्मीद रहती है शहर से ककराला अलापुर और फर्रुखाबाद जाने का यह रास्ता मेन है जो कि यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यहां से वाहन रात दिन गुजरते हैं लेकिन इस मार्ग की करीब 1 साल से हालत इतनी खराब है की अब यहां से निकलना बहुत मुश्किल है जोकि जिले के अन्य अधिकारी भी इस मार्ग से ब्लॉक के लिए गुजरते हैं जोकि शहर से अलापुर उसावा ककराला सखानू म्याऊं ब उसावा के लिए अधिकारी सुबह के लिए अपनी ड्यूटी जाते हैं जोकि गड्ढे से थोड़ी दूर पर मंडी समिति भी है जिसमें सुबह के लिए सब्जी फल खरीदने के लिए लोग खरीददार भी आते हैं और इसी मार्ग पर मंडी चौकी के आगे कुछ दूरी तक तो विधानसभा चुनाव से पहले सड़क बना दी गई थी लेकिन इसके आगे का मार्ग की हालत बहुत ही झज्जर है यहां के निवासियों का कहना है की एक साल से यहां की बहुत ही हालत खराब है जोकि आगे बच्चों के स्कूल हैं और बच्चे इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं पेट्रोल पंप से ककराला और अलापुर की ओर जाने वाले दोनों मार्गों की हालत इतनी जर्जर हो गई ह कि दोनों रोड पर गढे हैं जो कि यहां पेट्रोल पंप के सामने 10 दिनों से जल भरा हुआ था अब इसके लिए पानी निकालने की व्यवस्था की गई है जो कि चुनाव के समय यहां से पोलिंग पार्टी इसी रास्ते से रवाना हुई थी और मतगणना होने वाले दिन भी इस रास्ते पर मिट्टी डाला कर सही करा दिया था जो कि कुछ दिन पहले इसी मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने गड्ढे में ई-रिक्शा गिर गया था

यहां के लोगों का कहना है की यह मार्ग जाने कब सही होगा इसी मार्ग को स्थानीय लोगों ने जिला अधिकारी महोदय व जनप्रतिनिधि लोगों के लिए अपना पत्र देकर मार्ग सही कराने की मांग की थी

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना सोनवा का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा थाना सोनवा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया ।अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। थानों पर नियुक्त समस्त विवेचकगण को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी गयी। थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराये जानें, बीट कर्मचारियों द्वारा बीट सूचना दर्ज करानें तथा बीट सूचना पर आवश्यक कार्यवाही करनें के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी बीट प्रभारी/कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये। थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना इकौना के अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। प्रभारी निरीक्षक सोनवा को निर्देश दिया गया कि आरक्षियों को थाना स्तर पर संपादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए ।

# एटा टूंडला रेल लाइन के विद्युतीकरण पर हर्ष



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा टूंडला बरहन प्रखंड रेलवे लाइन के विद्युतीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने इसे केंद्र की मोदी सरकार की जनपद एटा को सौगात का बताया है। रेल संरक्षा आयुक्त श्री लतीफ खान ने जनपद के आवागढ़ रेल स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में बाकायदा एटा रेल लाइन के विद्युतीकरण की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद ट्रेन के सफल संचालन के लिए हरी झंडी दिखाई। एटा से टूंडला वाया बरहन होकर संचालित होने वाली इस रेल लाइन के विद्युतीकरण किए जाने की मांग पिछले कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार उठाई जा रही थी। केंद्र सरकार ने जनता की इस मांग को गंभीरता पूर्वक लेते हुए रेल मंत्रालय को निर्देश जारी किए थे जिस के क्रम में एटा से टूंडला बाया बरहन रेल लाइन को विद्युतीकरण किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन में केंद्र सरकार से मांग की है कि एटा को कासगंज से जोड़कर लखनऊ और दिल्ली तक रेल लाइन का संचालन किया जाए जिससे यहां के व्यक्तियों को यहां के लोगों को यहां की जनता को लखनऊ और दिल्ली सीधे पहुंचने की सुविधा एटा से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एटा जनपद के जनप्रतिनिधियों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर रेल लाइन के विस्तारीकरण की मांग करेगा। रेल लाइन के संचालन के अवसर पर रहा इलाहाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा , टूंडला मुख्यालय के अधिकारियों में जे संजय कुमार सोमेंद्र सिंह विवेक गुप्ता आलोक कुमार मिश्रा एमसी मिश्रा तरुण कुमार एम के मिश्रा हरि कांत लोकेश कुमार खेमचंद सुनील शर्मा विजय सिंह सत्य प्रकाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत एक घायल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना इकौना अंतर्गत स्थित इकौना भिनगा बाईपास पर दो व्यक्ति सड़क के नीचे खून से लथपथ पड़े हुए हैं जिस पर वहां पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है जिसकी सूचना थाना इकौना पर दी गई जिनकी शिनाख्त ग्राम लालपुर खदरा निवासी शाहरुख खाँ पुत्र मुस्लिम खा वा अयलुउद्दीन खाँ पुत्र अकबाल खाँ के रूप में हुई जिसमें शाहरुख खा उम्र लगभग 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी व अयलुउद्दीन की हालत नाजुक होने के कारण बहराइच रेफर कर दिया गया है घटना देर शाम की बताई जा रही है घटना की सूचना मिलते ही गांव में गमगीन माहौल हो गया पुलिस तफ्तीश में जुटी।

# घर में घुसकर गाली गलौज से लेकर मारपीट

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा खालसा निवासी टीकम सिंह पुत्र करन सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 18 मार्च 2022 को समय करीब 1-00 बजे दोपहर के समय गांव के ऋषि पाल सिंह, विशाल, अर्जुन, रवि कुमार, विपिन कुमार, जयराम सिंह एक राय होकर हाथों में लाठी डंडे और तबल व चाकू लेकर गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट कर तबल मारकर उसे घायल कर दिया। बचाने आए उसके पुत्र मोहित व उसकी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया और उसकी पुराल में आग लगा दी और जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# स्मार्ट चश्मे से देखेंगे अल्प दृष्टि से पीड़ित मरीज



मुरादाबाद-अल्प दृष्टि दोष से पीड़ित मरीज जल्द ही स्मार्ट ग्लास युक्त चश्मे से दुनिया देख सकेंगे। यह चश्मा अपने सभी जरूरी काम कर सकने की सहूलियत देगा-यह जानकारी रविवार को सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में लो विजन की समस्या पर आयोजित हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में दी गई। कांफ्रेंस में पहुंचे दिल्ली स्थित एम्स के नेत्ररोग एवं लो विजन विशेषज्ञ डॉ.सुमित ग्रोवर ने बताया कि चश्मे, सर्जरी, दवा आदि से भी जिन मरीजों की दृष्टि नहीं बढ़ पाती अब उन्हें सामान्य तरीके से जिंदगी बिताने का मौका देने पर फोकस है। सामान्य कामकाज से लेकर पढ़ना लिखना संभव करने के लिए विभिन्न उपकरणों का प्रयोग बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में स्मार्ट ग्लास सबसे अधिक कारगर होंगे। यह उनके साइड के विजन की समस्या को भी ठीक करेंगे। शुरुआत में अमेरिका में ही स्मार्ट ग्लास वाले चश्मे बनना शुरू हुए इसलिए इनका इंपोर्ट काफी महंगा है। इस क्षेत्र में कई कंपनियों के आना मरीजों के लिए फायदेमंद होगा।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावियों को मिला सम्मान



मुरादाबाद-मुरादाबाद के हैविट मुस्लिम इंटर कालेज में रविवार को विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा छठी में हसनैन खान 86.6 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में अरसलान हसन ने 69.5 प्रतिशत, कक्षा आठवीं में मो. सलमान 81.5 प्रतिशत, कक्षा नौवीं में मो. अरहम ने 83.03 प्रतिशत तथा कक्षा ग्यारहवीं में बिलाल खान ने 75.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुफ्ती मोहम्मद आजम ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्य डा. साजिद नवाज खान ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रबंध समिति के सदस्य तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय किसान सभा त्रिवेणी शुगर मिल रानी नागल प्रबंधक के आदेश अनुसार सुपरवाइजर की टीमें गठित

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-रविवार को त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल के महाप्रबंधक गन्ना श्री टी.एस. यादव के आदेशानुसार जॉन राजविंदर सिंह संधू के नेतृत्व में गन्ना अधिकारियों वह सुपरवाइजरों की टीमें गठित की गई जिसमें किसानों के पेडी गन्ने के खेतों में लगने वाली तितली की रोकथाम के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए शुगर मिल से संबंधित टीमें सुबह 7-00 बजे से 10-00 बजे तक खेतों पर जाकर किसानों से संपर्क कर किसानों को जागरूक कर रही हैं क्योंकि सुबह के समय यह तितलियां काफी आसानी से दिखाई देती हैं इसी क्रम में सुपरवाइजर हिमांशु चौहान ने मुंशीगंज के जंगल में किसान पूरन सिंह को उनके खेत पर जाकर तितलियों से होने वाली हानि के बारे में बताया और कहा कि गन्ने में तितली लगने से पौधे की वृद्धि रुक जाती है और चोटी भेदक खेत में जल्दी प्रवेश करता है तथा सुपरवाइजर प्रशांत चौहान ने किसान जसवीर सिंह से बताया कि इस तितली को उड़ने वाले पक्षी अपना शिकार नहीं बनाते हैं यह एक बार में लगभग 80 अंडे देती है और तीन बार अंडे देने के बाद स्वयं मर जाती है एक तितली लगभग 250 तितलियों को पैदा करती है इसके लिए गन्ने में मोनोक्रोटोफॉस या क्लोरो प्लस साईपर का छिड़काव सुबह के समय ही करें तितलियां सुबह के समय पत्तों पर बैठी हुई होती हैंताकि गन्ने की फसल को सुरक्षित रखा जा सके सभी जगह टीमों के सामने किसानों ने समय से पर्चियां प्राप्त न होने की समस्या उठाई। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के किसान नेता प्रीतम सिंह ने जॉन प्रबंधक से मांग की कि किसानों को कीटनाशक दवाइयां मिल की तरफ से मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएं और गन्ना आपूर्ति हेतु किसानों को अति शीघ्र पर्चियां उपलब्ध करवाई जाएं अन्यथा किसान आंदोलन को बाध्य होंगे । जॉन प्रबंधक ने बताया कि हेक्सास्टॉप तथा ट्राइकोडरमा 50 त्न की छूट पर किसानों को दिया जा रहा है किसान इसका लाभ उठाएं। शुगर मिल के उपाध्यक्ष वी . वेंकटथनम ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों का 20 मार्च तक का गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है इस दौरान किसान केवल सिंह तेजपाल सिंह ओंमकार सिंह गोपाल सिंह संतराम सिंह नरेश सिंह आशीष चौधरी विकास आदि मौजूद रहे

# डॉ. माहेश्वर तिवारी को मिला चेतना गौरव सम्मान

मुरादाबाद-वरिष्ठ नवगीतकार डॉ माहेश्वर तिवारी को लखनऊ में चेतना गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। योगेंद्र वर्मा व्योम ने बताया कि लखनऊ की साहित्यिक संस्था चेतना साहित्य परिषद की ओर से रविवार को रवींद्रालय सभागार के मंच पर संस्था की स्वर्ण जयंती पर यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम व लखनऊ विवि के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. हरि शंकर मिश्र, मुख्य-अतिथि लखनऊ विवि भाषा विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ऊषा सिन्हा व संस्था के संरक्षक रत्नेश गुप्त ने डॉ माहेश्वर तिवारी को यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान स्वरूप उन्हें अंगवस्त्र, मानपत्र, प्रतीक चिह्न एवं सम्मान राशि भेंट की गई। संचालन, संस्था अध्यक्ष, गोपाल कृष्ण मृदुल ने किया। इसके बाद आयोजित काव्य-गोष्ठी में डॉ तिवारी ने रचना पाठ भी किया। लखनऊ, बरेली, होशंगाबाद के अलावा मुरादाबाद से डॉ कृष्ण कुमार नाज ने भी रचना पाठ किया। साहित्यिक संस्था अक्षरा, हस्ताक्षर एवं मुरादाबाद लिट्रेरी क्लब की ओर से डॉ. अजय अनुपम, डॉ. मक्खन मुरादाबादी, ज़िया ज़मीर, राजीव




प्रखर, हेमा तिवारी, डॉ. पूनम बंसल, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, डॉ. मनोज रस्तोगी, मनोज मनु, मयंक शर्मा, फरहत अली, राहुल शर्मा आदि ने डॉ तिवारी को मिले सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Big country hopes

Uttar Pradesh has written a new history of its politics. The continuance of power of a Chief Minister and his party in such a vast state is a matter of study and emulation in itself. This is the best return of such a government in a tough electoral contest, from which the state has high hopes. BJP's victory in Uttar Pradesh has already proved that there was a feeling of gratitude towards the leaders of the BJP, so the people may have reduced the seats, but again gave a chance to rule. The need for this gratitude should continue.Chief Minister Yogi Adityanath has rightly said that the politics of dynasty and casteism will not work in the state. We worked for good governance and poor welfare. Now we will double the income of the people. Will make the state the number one economy. In fact, the economy is the weak pulse where the real test of the government is going to be done. If the Chief Minister is dreaming of making the state the number one economy, then he is gladly welcome.The development of a state like Uttar Pradesh is one of the biggest challenges of the country. There is a need to further refine the basic framework of development here. With the completion of big projects like Yamuna Expressway, Agra-Lucknow Expressway, Purvanchal Expressway, the foundation of development in the state has been strengthened. Today, Uttar Pradesh has a lot that everyone can be proud of. The state government's emphasis should be on completing the projects which are going on now. Election If it's time to take credit,So the public has given credit to Yogi Adityanath and his government, but now it is time to get back to work. The government should be involved in realizing the positive things that the Chief Minister has made while addressing the legislature party. There is a need for employment on a large scale in Uttar Pradesh, so the state government should make all such arrangements, which will increase investment in the state. Geographically and commercially, Uttar Pradesh is a better place, but this state has not got as much as it should.The time has come to convert huge political gains or existences into economic growth. There is a government of double engine and when will a better opportunity come for Uttar Pradesh? If the Chief Minister can remove the state's system from casteism even a little, then it will be his big contribution. The stains of casteism often keep on the side of this state, anyone starts criticizing Uttar Pradesh or starts giving negative examples.Therefore, we have to go on focusing on the development of all. chief minister, in the state cabinet. Apart from work, ministers are made keeping in view the political equation, but now everyone's agenda should be development of Uttar Pradesh. If Uttar Pradesh has chosen a strong leader, then the state should also get its full benefit.People will only hope that the next five years will be peacefully devoted to the pleasant rejuvenation of the state, so that people start giving more positive examples of Uttar Pradesh. We welcome the statement of the Chief Minister of the state that we will have to work together again for the betterment of our state.

# Miss Universe Harnaaz Sandhu spoke openly on Hijab controversy, said- 'Always girls...'




The issue of school girls wearing hijab in Karnataka is still in the news. The court's decision may have come but the dispute is not over. A video of Miss Universe 2021 Harnaaz Kaur Sandhu is going viral on social media in which she answered the question of girls wearing hijab. Harnaaz had attended an event in which a journalist asked her a question about the hijab. When asked by the journalist, the host of the program forbade the reporter to ask political questions, but Harnaaz answered his question.Harnaaz expressed displeasure over the hijab controversy. She believes that girls are targeted every time in the society. He said, 'Why do you always target girls? You are still targeting me. For example, girls are also being targeted on the issue of hijab. Let them (girls) live the way they want to, let them reach their destination, don't bite on them, if you want to bite then you should bite yourself.Harnaaz further asks the reporter to question him about the obstacles in his journey. This video of Harnaaz is from March 17.It is worth noting that earlier this year in a government college in Udupi, Karnataka, six girls were not allowed to enter the college for wearing hijab. Since then the whole controversy of hijab started. Recently, the Karnataka High Court gave its verdict in the matter. The court said that students cannot violate the dress code in educational institutions.

## 'Rockstar' actress Nargis Fakhri opened the secret, told why she was away from Bollywood



It is often seen in the cinematic world that an actress is doing a lot of films at a time, but suddenly makes a distance from the cinematic screen. Although the celebs have their own reason behind this. Nargis Fakhri also has a name in such actresses. At one time, Nargis had a lot of films in her account and the audience was also liking her, but then she has distanced herself from cinema. Now Nargis has opened the secret about why she did this.I am working too much ... - In fact, according to a report in Times of India, Nargis Fakhri said, 'I had realized somewhere at that time that I am working too much and I am under stress. I started missing my family and friends. I remember realizing this in 2016-17. I felt that I am not doing what makes me happy. I did many films back to back and it was all happening very fast and so much was happening, I felt that I should take a break now.balance between mind and body- Nargis further said, 'I realized that I have to strike a balance between my mind and body, and then I decided to do this.' Let us inform that Nargis Fakhri is making a comeback after almost two years with the film South. Nargis will next be seen in Telugu film Hari Hara Veera Mallu opposite Pawan Kalyan.Recall that Nargis made her debut with the film Rockstar opposite Ranbir Kapoor. After this she also appeared in films like Madras Cafe, Main Tera Hero. At the same time, Nargis also worked in the Hollywood film Spy. Nargis was last seen in the 2020 OTT film Torbaaz, co-starring Sanjay Dutt and Rahul Dev.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## 07 गाटों की 4.031 हेक्टेयर सरकारी भूमि को प्रभावी कार्यवाही करते हुए कराया गया कब्जामुक्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एसडीएम सदर शिव कुमार, तहसीलदार सीपी सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा तहसील एटा सदर के गांव भदुआ में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए कब्जामुक्त कराया गया। सरकारी भूमि पर खड़ी लहसुन, गेहूं की फसल को भी ट्रैक्टर से जुतवाया गया। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्राम समाज, चरागाह, चकरोड, तालाब सहित अन्य विभिन्न प्रकार की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए। एसडीएम सदर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम भदुआ परगना मारहरा तहसील व जिला एटा में स्थित भूदान की भूमि गाटा संख्या-03, 50, 57, 75, 85 ,92, 96, 109, 327, 329, 333, 338, 340, 342, 348स कुल रकवा 9.836हे0 से अबैध कब्जा हटवाये जाने हेतु कार्यवाही की जानी है। जिसके क्रम में ग्राम भदुआ में भूदान भूमि का सीमांकन राजस्व टीम द्वारा कराया गया। तहसीलदार एटा द्वारा दी गई आख्या के उपरान्त एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर, राजस्व टीम व पुलिस बल के सहयोग से भूदान की भूमि से अबैध अतिक्रमण को हटाया गया। तहसीलदार सीपी सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 03, 50, 57, 85, 92, 96, 109 आदि कुल 07 गाटों से 4.031 हेक्टेयर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इन 7 गाटो में कब्जामुक्त कार्यवाही के तहत 3, 50, 57, 85, 92 गाटा संख्या से उपले व विटौरा, भूषा बुर्जी को हटाया गया। गाटा संख्या 96 में तेजपाल व गीतम पुत्रगण तुलाराम द्वारा झोपडी व कोठरी बनाकर किये गये अबैध अतिक्रमण को हटाया गया तथा मौके पर आंशिक भाग पर सार्वजनिक रास्ता चल रहा है। इसके अलावा गाटा संख्या 109 में राजवीर सिंह पुत्र सालिगराम द्वारा गेहूँ बोकर तथा तेजपाल पुत्र तुलाराम द्वारा लहसुन गाडकर किये गये अबैध कब्जे को ट्रेक्टर से जुतवा कर कब्जा हटवाया गया।

## दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट के दोनों पक्षों से चार अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, थाना मारहरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भुरगवां में रंगशाला की लाइट काट देने के ऊपर दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट की घटना में वांछित चल रहे दोनों पक्षों से चार अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा ग्राम भुरगवां में रंगशाला की लाइट को काट देने के ऊपर दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग तथा मारपीट की घटना में वांछित चल रहे दोनों पक्षों से चार अभियुक्तों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है *घटना-* दिनांक 25-03-2022 की रात्रि में थाना मारहरा के ग्राम भुरंगवा में लगने वाले मेले में रंगशाला की लाइट काटने को लेकर दो पक्षों में फायरिंग व मारपीट हुयी जिसमें मेले में लगे रात्रि पुलिस फोर्स द्वारा शान्त करा दिया गया था। दिनांक 26.03.22 की सुबह पुलिस के वापस आने पर पुनः सुबह 08.00 बजे दोनों पक्षो में लाठी डन्डो से मारपीट पथराव व फायरिंग हो गयी। मौके पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया तथा दोनों पक्षों से तहरीर मिलने पर प्रथम पक्ष की तरफ से मु0अ0सं0- 43/22 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 307 भादंवि बनाम रंजीत आदि 10 नफर अभियुक्त व कुछ व्यक्ति नाम पता अज्ञात व द्वितीय पक्ष की तरफ से मु0अ0स0 44/22 धारा - 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506, 307, 342, 336 भादंवि व 3( 2 )5 स्ष्ट/स्ञ्ज्/ष्टञ्ज बनाम नेम सिंह आदि 19 नफर अभियुक्त व 400 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत करवाया गया तथा हल्का इंचार्ज उ0नि0 श्री अजय कुमार द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध मु0अ0सं0 45/22 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 336 भादंवि बनाम प्रवेश आदि 39 नफर अभियुक्त व 50 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत करवाया। *गिरफ्तारी- * उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मारहरा को निर्देशित किया गया। थाना मारहरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में वाछिंत चल रहे दोनों पक्षों से चार अभियुक्त 1. सोमेश पुत्र दीनानाथ 2. साहब सिंह पुत्र रेवती सिंह 3. प्रवेश पुत्र मान सिंह 4.मोरमुकुट पुत्र बालकिशन निवासीगण ग्राम भुरगवाँ थाना मारहरा जनपद एटा को ग्राम भुरगवाँ से दिनांक 27.03.2022 को गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा घटना में वांछित चल रहे अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश सरकार वा बांदा जिला प्रशासन को ठेंगा दिखाते ग्राम पंचायत फतपुरवा



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के बड़ोखर खुर्द ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतपुरवा का है। इस ग्राम पंचायत में बनी गोशाला में लगातार प्रधान वा सचिव  मिलकर गोशाला के लिए आने वाले धन का बंदर बांट करते हुए गोशाला में गो वंश को भूखा मारने पर आमादा है। इसी ग्राम पंचायत के लोगो द्वारा बताया गया की अभी हाल पंद्रह जानवर मरे थे जिन्हे खुले में ही फेक दिया गया है।इतना जी नही इस गोशाला में रात में कोई चौकीदार दार न होने की वजह से रात में कुत्ता गोशाला के अंदर छोटे छोटे गोवंशो को मार कर नोचते है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लोशन सहित वीडियो बना कर भेजी गई। उसी आधार पर प्रधान वा सचिव से बात करनी चाही तो फोन संपर्क नहीं हो सका। एक तरफ आयुक्त दिनेश कुमार सिंह सभी गोशालाओ में पर्याप्त व्यवस्था का आदेश देते हैं तो वही ऐसे प्रधान वा सचिव धज्जियां उड़ाते नजर आते है। पता नही ऐसे लोगो पर बांदा जिला प्रशासन कब और कैसी कार्य वाई करता है या नहीं देखने वाली बात है।

## परिवहन विभाग बांदा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के विजेताओं को किया सम्मानित



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित परिवहन विभाग बांदा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह 2021-22 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल के द्वारा पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 101 विजेता प्रतिभागियों में बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद तथा उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों ने लेखन, चित्रकला तथा क्विज़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह गौरव हासिल किया है। जैसा की ज्ञात हो कि 101 विजेता प्रतिभागियों को कुल ?75000 रू0 प्रोत्साहन धनराशि राशि इनके बैंक खाते में पहले ही भेजी जा चुकी है।  विजेताओं को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने सभी को यातायात के ब्रांड अंबेसडर कहते हुए आशा व्यक्त की कि आप सभी अपने अभिभावकों तथा समाज के अन्य लोगों को यातायात के नियमों के अनुपालन के लिए प्रेरित करेंगे । इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों तथा शिक्षकों को  जी ने सभी का स्वागत करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सभी को प्रेरित किया जिलाधिकारी बांदा ने कार्यक्रम संयोजक शंकर जी सिंह की कार्यशैली तथा आम जनमानस को जागरूक करने कि उनके सफल प्रयासों की  प्रशंसा की इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा विनोद कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य दीपाली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रबीर सिंह ने किया कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिलाधिकारी बांदा पटेल ने सभी को यातायात सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई तथा परिवहन विभाग बांदा के सार्थक प्रयासों को अनवरत जारी रखने की अपील की गई।

## फिर एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज फिर एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला कोतवाली इगलास जनपद अलीगढ़ निवासी श्रीमती गुलज़ार पुत्री सगीर अहमद व उसके पति अकील पुत्र अब्दुल मजीद निवासी मोहल्ला गढ़ी थाना जलेसर ज़िला एटा का था, दोनो की शादी एक साल पहले हुई थी, मगर आपसी विवाद के चलते पत्नी छः महीने से मायके में रह रही थी, आज दोनो को बुलाकर समझाकर विदा किया गया, इसके अलावा 3 पत्रावलियों में अग्रिम तिथि नियति की गई, तथा दो फाइलों में मुकदमा पंजीकृत किये जाने की संस्तुति की गई , आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, सीमा मल्होत्रा, सचेन्द्र गुप्ता,दुष्यंत यादव, अशोक कुमार के अलावा महिला थाना प्रभारी नन्दिनी सिंह , हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, प्रेमकान्ति, रजनी के अलावा महिला थाना स्टाफ मौजूद रहा

## दरिंदो ने घर मे घुस कर गैंग रेप व हत्या करके फाँसी का रूप दिया गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-छत्तीसगढ़ राज्य के जिला सूरजपुर,, भटगांव जरही स्थष्टरु छेत्र में दिल दहला देने वाला जघन्य अपराध देश के मूलनिवासी की बेटी 12 वी क्लॉस में 17 वर्षिय पड़ रही थी बेटी जिसका पिता कैंसर बीमारी से बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल में मौत से झूझ रहा हैं और लड़की का मा अपने पति के साथ बिलासपुर में रह रही थी,उसी का फायदा उठाते हुए कुछ दरिंदो ने घर मे घुस कर गैंग रेप व हत्या करके फाँसी का रूप दिया गया था ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले जरही भटगांव की बेटी के साथ दरिंदगी हुआ हैं जिससे पूरा सूरजपुर जिला के साथ साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी बहुत बड़ा जनआक्रोश व्याप्त हैं, मुख्य आरोपी बाबा खान को पुलिस गिरफ्तारी हुई हैं व अन्य अभी फरार हैं ,इस तरीके का अत्याचार दिनप्रतिदिन बढ़ता जा रहा है,लगभग 10,15 दिन पहले एक शासकीय हाई स्कूल चन्दरमेढा का प्रचार्य ,जनपद व विकास खंड भैयाथान ने गुरु और शिष्य का रिश्ता को सर्मसर किया है, 12वी क्लास में पड़ रही आदिवासी लड़की ने जिसका शिकायत रिपोर्ट चेन्द्रा चौकी थाना भैयाथान में किया गया है, लेकिन आरोपी का गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई हैं इस तरह का माहोल हमारे जिले में निर्मित हो रही हैं जिसका जिम्मेदार आखिर कौन हैं शासन,, या प्रशासन ये तो समझ से बाहर हैं, हमारे जिले के



बहन बेटी अपने घरों में सुरक्षित नही हैं तो बाहर कैसे रहेंगे,जिसका विरोध प्रदर्शन जरही चोक में हजारों महिलाओं, स्कूली बच्चों, सहित सामाजिक कार्यकर्ता, आमजनता कैंडल मार्च श्रधांजलि 26 मार्च 2022 को किया गया।लेकिन जनता का आक्रोश गुस्सा फुट पड़ा कैंडल मार्च धरना प्रदर्शन का रूप ले लिया,और फिर छत्तीसगढ़ सरकार मुर्दाबाद,, भटगांव पुलिश ,मुर्दाबाद छेत्र का विधायक मुर्दाबाद ऐसे अनेको नारे लगाए गए,इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुचे जिले के तेजतर्रार युवा समाज सेवक सीताराम भास्कर अपने टीम के साथ मौके में पहुचे कर छत्तीसगढ़ सरकार एवम सूरजपुर जिला के पुलिस विभाग को जमकर कोसा,एवम नारे भी लगाए,भास्कर के साथ भोले चौधरी,अधीन पाटले, बृजमोहन, देवनारायण पाटिल,बीरेंद्र पाटले ,आदेश रवि,सुखदेव चौधरी,उ मेश पाटिल,रामनाथ ,राहुल भास्कर, दिनेश, व अन्य लोग सामिल रहे है छत्तीसगढ़ भूपेश कांग्रेश सरकार का लापरवाही से इतना बड़ा घटना हुआ है

# कोरोना काल मे श्रेस्ट शिक्षण कार्य हेतु रंजय कुमार सिंह सम्मानित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कोरोना काल मे जब सब कुछ थम सा गया था विद्यालय सब बंद हो गये थे बच्चो का अध्यापन प्रभावित हो रहा था ऐसे समय मे कुछ शिक्षक ऐसे भी थे जिन्होंने हार नही मानी एवं ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश में पालको से सम्पर्क कर ऑनलाइन एवं कांफ्रेंसकाल के माध्यम से बच्चो को घर पर ही पढ़ने का एवं सीखने का अवसर प्रदान किया । श्री अरविंदो सोसायटी द्वारा भी शिक्षको अल्टरनेटिव एकेडमिक केलेंडर के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया साथ ही बच्चो एवं शिक्षको के ऑनलाइन क्लास हेतु इनोवेटिव पाठशाला एप्प विकसित कर के खेल खेल में सरल माध्यम से बच्चो को सीखने का एक अवसर प्रदान किया । सूरजपुर जिले में ऐसे शिक्षको को जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय,मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह, रबि सिंह, शोभनाथ चौबे एवं श्री अरविंदो सोसायटी के ओम दुबे की उपस्थिति में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में समारोह आयोजित कर श्रेस्ट शिक्षको को सम्मानित किया गया है।सूरजपुर जिले में बेहतर ऑनलाइन क्लास संचालित कर अधिकतर ग्रामीण बच्चो को जोड़कर सिखाने का कार्य करने वाले प्राथमिक शाला सारसताल सोनगरा के



शिक्षक रंजय कुमार सिंह को 'ढुढ़श्रढ्ढ की इनोवेटिव पाठशाला एप्प में बच्चो को जोड़कर अध्यापन जारी रखने हेतु,कान्फ्रेंस काल एवं मोहल्ला क्लास में श्रेस्ट कार्य के कारण सम्मानित किया गया । नवाचारी शिक्षक रंजय कुमार सिंह के द्वारा कोरोना काल मे ऑनलाइन के साथ कान्फ्रेंस काल, मोहल्ला क्लास का बहुत ही अच्छे ढंग से नियमित संचालन किया गया जो सराहनीय रहा है उनके इस कार्य की प्रशंसा पूरे शिक्षा जगत में किया गया है । प्राथमिक शाला के छोटे छोटे बच्चो को जोड़कर ऑनलाइन क्लास में अध्यापन कराना एक चुनोती पूर्ण कार्य है जिसे शिक्षक ने सहर्ष स्वीकार कर सफलतापूर्वक पूर्ण किया है, जो अनुकरणीय है । शिक्षक रंजय कुमार सिंह द्वारा ऑफलाइन क्लास का संचालन भी बहुत अच्छे ढंग से किया जाता है बच्चो को नित नई गतिविधियों खेल खेल में शिक्षण,गीत कविता से शिक्षण,स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में मिशाल पेश किया है की वास्तव में यदि शिक्षक चाहे तो संस्कार युक्त शिक्षण के साथ शिक्षा की तस्वीर बदल सकता है शिक्षक के विशेष प्रयास से प्राथमिक शाला सारसताल के आस पास की रिक्त भूमि में अहाता नही होने के बाद भी बॉस का अस्थायी घेरा बनाकर जिले का एकलौता बृहद किचन गार्डन विकसित किया गया है जिसमे मौसमी सब्जी लगाकर बच्चो को पौष्टिक ताजी सब्जी उपलब्ध कराया जा रहा है । ऐसे शिक्षको के कार्यों की प्रशंसा होनी चाहिए जिससे अन्य शिक्षक भी प्रेरणा लेकर उत्कृष्ट कार्य कर के शिक्षा के स्तर को ऊपर पहुचाने समेकित रूप से कार्य कर सके एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र में भी उपलब्ध कराया जा सके अशासकीय शालाओ से लोगो का मोहभंग किया जा सके ।

# पुरानी पेंशन बहाल होने पर शिक्षामंत्री का टीचर्स एसोसिएशन ने किया सम्मान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा में पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा के बाद से राज्य के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मैत्री भवन जरही में समारोह आयोजित कर छत्तीसगढ़ शासन में शिक्षामंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम , नगरपंचायत अध्यक्ष बीजू डासन एवं मंत्रीप्रतिनिधि रविन्द्र सिंह का स्वागत कर आभार व्यक्त किया है । छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कई बार विधायक एवं मंत्रियों को टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा सम्भाग प्रभारी हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौप कर मांग किया था अब जब पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा हो गई है तो शिक्षको के सबसे बड़े संगठन छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मैत्री भवन जरही में प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह,प्रदेश प्रचारसचिव अजय सिंह, प्रदेश संगठन सचिव मुकेश मुदलियार एवं जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में बृहद स्वागत समारोह आयोजित कर आभार व्यक्त कर जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया है । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने पुरानी पेंशन को घोषणा का स्वागत करते हुए शासन की निर्णय पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता गणना करने की मांग की इन्होंने बताया कि पूर्व सेवा की गणना से बेतन विसंगति भी समाप्त किया जा सकता है जिसमे सहायक शिक्षक साथियों को अत्यधिक लाबज होगा,श्री सिंह ने बताया कि बहुत से शिक्षक साथी लगभग बिस वर्ष से ज्यादा की सेवा शिक्षा विभाग में दे चुके है ऐसी स्थिति में वरिष्ठता की गणना नही होने से शिक्षक संवर्ग को अत्यधिक नुकसान होगा । जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने अपने उदबोधन में राजस्थान सरकार के बाद छत्तीसगढ़ सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा घोषणा किये जाने से पूरे शिक्षक संवर्ग में खुशी की लहर व्याप्त है एवं सभी शासन की इस निर्णय का स्वागत कर मन्त्रिमण्डल के सभी सदस्यों एवं विधायक गणों का सम्मान




करने का निर्णय लिये है आप सब के सहयोग से इस बड़े मांग की पूर्ति जल्द सम्भव हो सका है हम शासन के इस निर्णय से बहुत खुश है एवं हमारी मांग है कि पूर्व सेवा की गणना करते हुए इसे लागू किया जावे जिससे आने वाले समय मे सेवानिवृत्त होने वाले साथियों को भी लाभ मिल सके । छत्तीसगढ़ शासन में स्कूल शिक्षामंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने उदबोधन में कोरोना काल मे शिक्षको द्वारा किये कार्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि आप सभी ने कोरोना काल मे विपरीत परिस्थितियों में भी पढाई तुंहर द्वार में ऑनलाइन एवं अन्य विधियों से शिक्षा का अलख जलाए रखा जो सराहनीय है अभी भी कोरोना के कारण अध्यापन में हुई कमी की पूर्ति हेतु आप लोगो द्वारा लगातार अच्छा कार्य करके मिशाल पेश किया जा रहा है इन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने सभी का शिक्षा विभाग में संविलियन करके शिक्षाकर्मी व्यवस्था को समाप्त किया है आप की जो मांगे है प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करने की मैं उसे मुख्यमंत्री तक जरूर रखूंगा किसी भी शिक्षक साथी का नुकसान नही होगा आप विश्वास रखे छत्तीसगढ़ शासन आपके साथ है । कार्यक्रम के दौरान पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से लाभ प्रदान करने का मांग पत्र मुख्यमंत्री एवं मंत्री के नाम अलग अलग दिया गया । कार्यक्रम में मंच संचालन मिथिलेश पाठक द्वारा किया गया । अंत मे उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह संगठन द्वारा प्रदान दिया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रतापपुर अध्यक्ष नागेंद्र सिंह द्वारा किया गया । इस अवसर पर सुशीला कुजूर मयाती कच्छप,,चन्द्रविजय सिंह,घनश्याम सिंह, विजेंद्र साहू,गौरीशंकर पांडेय, नंदकिशोर साहू,राजेन्द्र नायक,अनुज राजवाड़े,अनिल चक्रधारी,सुरविंद गुर्जर,उमेश गुर्जर,नागेन्द सिंह,पीताम्बर सिंह मराबी,विनोद केराम,चन्ददेव चक्रधारी,जितेंद्र सिंह,रामबरन सिंह, लवकुश कुमार,राजेन्द्र गुप्ता,चन्की गुप्ता,नरेश गुप्ता,रोशन गुर्जर,दीपक झा,मनोज झा,दयानन्द राजवाड़े,रामचन्द सोनी,घनश्याम अग्रवाल,सन्ध्या रानी,बरखा सिंह,मनीषाश्रीवास्तव, निलिमा विश्वकर्मा, ईश्वरी सिंह,मीनू यादव,आशा सिंह,सुमित्रा, विपिन चौबे,मृत्युंजय सिन्हा,रमेश गुर्जर, यादव,विजय शंकर पैकरा,कालीनाथ सिंह, जानकी यादव,वीरेंद्र सिंह,देवालु राम,मनीजर धुर्वे,अमर नाथ चौबे,दिनेश सिंह,कुलदीप सिंह,राजकुमार कुशवाहा, कुमारेश चन्द राय, हेम प्रकाश,दीपक मिंज,रामगोविंद पंडो,इन्द्रप्रसाद सिंह,रामकिसुन सिंह,अजय कुजूर,के पी रात्रे,मुकेश शरण,रामदेव पैकरा,हरकेश्वर,अन्नू राम,विजय पैकरा ,कुंदन सिंह आयाम,सर्जुन सिंह,मोहन राम सोनपाकर,राजीव सिंह,गोवर्धन सिंह,कन्नीलाल,जगदीश राम राजवाड़े,टमेश्वर सिंह,मोहर साय, अनिल कुमार सिंह,सोमनाथ नगेसिया,सत्यानन्द जायसवाल,साजन प्रकाश के साथ साथ भारी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित थे।